महत्वपूर्ण एवं खास

अब पैन कार्ड सिर्फ 4 घंटे में बनेगा, बस देना होगा आधार, जानिए आज से लागू होने वाले नए नियम

नई दिल्ली। पैन कार्ड बनवाना जल्द ही बेदह आसान होने वाला है. अभी तक पैन कार्ड के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आने वाले दिनों में यह चंद घंटों के भीतर बन जाएगा. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन सुशील चंद्रा के मुताबिक, टैक्स डिपार्टमेंट 4 घंटे में पैन कार्ड उपलब्ध कराने की योजना पर काम कर रहा है.

सरकारी नौकरीपेशा लोगों को नए साल में मिल सकता है बड़ा तोहफा, डबल पेंशन की स्कीम को मिल सकती है हरी झंडी

दिल्ली। अगर आप नौकरीपेशा हैं तो ये खबर आपके लिए खुशखबरी है। लाखों नौकरीपेशा लोगों को जल्द डबल पेशन का तोहफा मिल सकता है। न्यूनतम पेंशन को दोगुना करने का रास्ता लगभग साफ हो गया है. EPFO के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने न्यूनतम पेंशन को 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 हजार रुपए करने के प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय के पास भेज दिया है. अब वित्त मंत्रालय को अंतिम मंजूरी देनी है. अगर मंजूरी मिलती है तो अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नौकरीपेशा के लिए यह बड़ी सौगात होगी.

फसल के लिए पानी लाने चला किसान पर टांगी, मामला दर्ज

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना थाना क्षेत्र रौरुमा चौकी अंतर्गत ग्राम ढोढहागांव निवासी प्रेम सिंह से गांव के तीन लोगों ने फसल के लिए पानी लिए जाने के नाम पर जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से जख्मी किसान ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। प्रेम सिंह सिदार पिता चमरू सिदार खेती किसानी के साथ मजदूरी का कार्य करता है।वही प्रेम सिंह इस बार गन्ना फसल में सरकार द्वारा आर्थिक मदद दिए जाने से फसल लेने के लिए खेत को तैयार कर रहा था। इसके साथ ही उसका खेत पहाड के किनारे पर है उसके नीचे में डहरू ए का खेत है। पहाड़ से प्राकृतिक श्रोत से पानी लेने के लिए नाली बना रहा था। इस बीच लगभग 12 बजे दोनों किसानों के किनारे लाल्ही एक्का का खेत है। जिसने इस पर आपत्ति दर्ज की। इससे दोनों में विवाद हो गया। जिस पर लालही एक्का के लड़के कमिल एक्का, सुरेश एक्का मौके पर आकर मारपीट करने लगे। जिसमें कमिल ने उसके कूल्हे पर टांगी से हमला करते हुए लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद पीड़ित की द्वारा सभी पर अपराध दर्ज करवाया है जहां पुलिस ने 294, 506 (बी), 323, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

दिव्यांग युवक युवती परिचय सम्मेलन 23 को

रायगढ़। स्टेशन के पास संचालित पंचायती धर्मशाला में दिव्यांग युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पंचायती धर्मशाला के सचिव गोपाल अग्रवाल ने बताया कि आगामी 23 दिसंबर को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों सहित पड़ोसी राज्यों से दिव्यांग युवक युवती रायगढ़ पहुंचेगे।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में दृष्टि बाधित विकास संघ और लायनेस क्लब ऑफ रायगढ़ सिटी द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

मौसम के बदलते रंग से बिगड़ रहा है शहरवासियों का सहेत

रायगढ़। मौसम के लगातार बदलते हुए मिजाज से शहरवासियों के सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। सर्दी और गरमी के बीच चल रहे लुकाछिपी के खेल से लोग परेशान है। मौसम में छा रहे बादल से मौसम पल-पल अपना रंग बदल रहा है। कभी कड़ाके की सर्दी की वजह से पारा 10 डिग्री तक नीचे गिर रहा है तो कभी बादल की वजह से पारा 18 डिगी तक पहुंच जा रहा है। तकरीबन हफ्ते भर से मौसम का यह रंग शहरवासी देख रहे हैं। इस बार मानसून के दौरान हुई अनियमित बारिश की वजह से मौसम के गड़बड़ाने का अंदेशा जताया जा रहा है।

हालांकि मंगलवार को शहर और इसके आसपास के ग्रामीण अंचल कड़ाके की सर्दी के चपेट में रहे। हिमालयन क्षेत्र से आ रही शीत लहर की वजह से लोग सुबह से लेकर रात तक ठिठुरते रहे। इस ठिठुरन से राहत पाने के लिए लोग दिन भर धूप में बैठे नजर आए। कार्यालय में भी चुनाव परिणाम का इंतजार कर रहे कर्मचारी, धूप का आनंद लेते रहे। शीत लहर चलते रहने के दौरान सर्दी का सीतम जारी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।

घर घुसकर पति पत्नी से मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले पर मामला पंजीबद्ध

रायगढ़। कोतवाली थाना कोतरारोड चुना भट्ठा के किराये में रहने वाले दम्पति से घर घुसकर मारपीट व तोड़ - फोड़ किये जाने का मामला सामने आया है। मामले पर कोतवाली पुलिस ने जुर्म दर्ज विवेचना में लिया है।

इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार अशोक महंत उम्र 26 कोतरारोड़ चुना भटठा के पास प्रियदर्शनी पटेल के किराये के मकान में निवासी जो पेशे से ड्राइवर है। एक माह पहले पीड़ित के मोटर सायकल स्पलेंडर प्रो को आंगन में खड़ा करके रखा था। जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाड़ी के चाबी में बालू डालते हुए गाड़ी में ढके कपड़ा को भी फाड दिये जिस कारण मेरी पत्नि भारती मंहत कौन बदमाशी किया है कहकर अपने आप बडबडाते हुए मकान मालिक को बतायी थी। वही पड़ोसी से दीपक तिवारी से उनका पुराना जो गाली गलौज तक करते रहता था। वही सोमवार की रात पीड़ित घर में सो रहा था। इस बीच रात 11:30 बजे घर के दरवाजा को लात मारने की आवाज सुनकर अशोक महंत व उसकी ने दरवाजा को खोलकर देखा तो दीपक तिवारी अश्लील गालिया देते हुए हाथ में रखे बेल्ट एवं लाठी से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था जिसे मना करने पर भी नही माना।

वही उसने उन्हें धकलते हुए घर अंदर जबरन घुस गया। इसके पश्चात घर में रखे टीवी, कुलर, गैस चुल्हा, ड्रेसिंग टेबल, बर्तन स्टैण्ड तथा बर्तन को पटक पटक कर तोड डाला तथा मेनगेट को भी तोड़ दिया।

इस घटना के बाद आरोपी के खिलाफ कोतवाली में शिकायत देने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है।

यूपी के कर्मचारियों को तगड़ा झटका, कोर्ट ने रिटायरमेंट की उम्र 60 से घटाकर की 58 साल

लखनऊ. सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने का इंतजार कर रहे वहीं, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों को झटका लगा है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनकी रिटायरमेंट उम्र को 60 साल से घटाकर 58 कर दिया है. कोर्ट ने 2001 में जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया है. अब उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों की रिटायरमेंट ऐज फिर से 58 साल कर दी गई है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि राज्य कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने के लिए 2001 में जारी अधिसूचना रद्द की जाती है. कोर्ट ने कहा कि 28 नवंबर 2001 को राज्यपाल की अधिसूचना के तहत सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाई नहीं जा सकती है.

शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर ग्रामीण का सिर फोड़ा

खरसिया। शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए तो ग्रामीण के सिर में डंडा दे मारा जिससे वह लहूलुहान होकर बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीण मजदूर की रिपोर्ट पर राजा सतनामी एवं उसके एक अन्य साथी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की

गई है। तीन दिसंबर को पवन दास महंत के घर का ढलाई हो रहा था जिसमें अंजोरीपाली निवासी नेतराम सारथी काम कर रहा था। करीब दो बजे दोपहर में ढलाई का कार्य पूर्ण हो गया । नेतराम ढलाई बाद घर तरफ आने लगा। जब वह लेखराम घर के पास पहुचा था करीब 02-30 बजे रास्ते में राजा सतनामी मिला और उसके साथ एक आदमी और था जो बोले कि यहां गांव में शराब किसके यहां मिलता हैं। कुछ रकम हो तो दे दो, जिस पर नेतराम बोला कि मेरे पास पैसा नही हैं तो अश्लील गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी देकर डंडा से राजा सतनामी ने सिर को पीछे तरफ से मार दिया। खुन निकला तो वे लोग भागने लगे । घटना समय करीब 100 मीटर तक सेतराम तथा पवनदास लोग दौडाये। राजा सतनामी व उसका साथी अपने मोटर साइकिल में भाग गये । नेतराम डंडा लगने से बेहोश होकर गिर गया था। नेतराम सारथी निवासी अंजोरी पाली की रिपोर्ट पर पुलिस ने राजा सतनामी एवं उसके एक अन्य साथी के खिलाफ धारा 294 323 341 506 का अपराध पंजीबद्ध कर के मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को

रायगढ़। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को भारतीय सेनाओं (थल सेना, जल सेना एवं वायु सेना) के जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए है, उन्हें श्रद्धांजलि देने, उन शहीदों के पुण्य स्मरण एवं युद्ध में शारीरिक रूप से अक्षम हुए सैनिकों की वीरता की याद में प्रति वर्ष 7 दिसम्बर 2018 को संपूर्ण भारत में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के दिन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायगढ़ द्वारा जिले के समस्त कार्यालयों, विभागों, औद्योगिक संस्थानों, बैंकों, शासकीय एवं प्राईवेट स्कूलों में टोकन एवं कार ध्वजों को वितरित कर धन राशि एकत्रित करने हेतु आग्रह किया गया है। एकत्रित राशि को जिला सैनिक कल्याण विभाग द्वारा संचालनालय, राज्य सैनिक बोर्ड रायपुर को भेजी जाएगी। इसमें से कुछ राशि केन्द्रीय सैनिक बोर्ड नई दिल्ली को भेजी जाती है। एकत्रित राशि को केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा शहीद एवं अपंग सैनिकों के परिवार के पुर्नवास एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में व्यय किया जाता है। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा एकत्रित राशि को राज्यपाल की अनुशंसा से शहीद जवानों के परिवार के कल्याण एवं पुर्नवास हेतु उपयोग में लायी जाती है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायगढ़ द्वारा कलेक्टर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का लेपल पिन लगाकर सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात कलेक्टोरेट कार्यालय के कर्मचारियों को टोकन ध्वज लगाया जाएगा।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कुलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं फाईनेंस बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931